
घटना

## 3 बच्चों की हालत गंभीर, इलाज के लिए लाया गया था जिला अस्पताल

# दवा युक्त गेहूं की दुर्गंध से 5 वर्षीय मासूम की मौत

**नवभारत, दमोह। जिला अस्पताल दमोह में बहन सहित चार भाइयों को शनिवार सुबह इलाज के लिए लाया गया. जहां ड्यूटीरत डॉक्टर ने चेकअप उपरांत धर्मेंद्र पिता माखन प्रजापति उम्र करीब 5 वर्ष निवासी आनु थाना हिण्डोरिया को मृत घोषित कर दिया.**

वहीं रीना पिता माखन उम्र 3 वर्ष, दिनेश पिता माखन उम्र 7 वर्ष और दीपक पिता माखन उम्र 9 वर्ष की हालत गंभीर होने पर उनका उपचार चल रहा है. मौके पर ड्यूटीरत डॉक्टर मधुर चौधरी, डॉक्टर ललिता, डॉ. राजेश नामदेव, डॉक्टर सुनील जैन सहित टीम बच्चों का उपचार करने में लगी हुई है.परिजनों के अनुसार विगत शुक्रवार रात्रि में चारों बच्चे कमरे में सोए थे। कमरे में दवा डला हुआ गेहूं रखा था, उसकी दुर्गंध से चारों बच्चों की स्थिति बिगड़ी.एक बच्चे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है, जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है. सूचना मिलते ही कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तत्काल एसडीएम सौरभ गंधर्व और तहसीलदार रॉबिन जैन को जानकारी लेने जिला अस्पताल पहुंचा, जिला अस्पताल पीआईसीयू वार्ड में इलाज रत तीनों बच्चों का उपचार ड्यूटी रत डॉक्टर रोहित जैन के द्वारा किया जा रहा है। उनका कहना है कि बच्चों की स्थिति नाजुक हैं, रेफर कर रहे थे लेकिन उन्हें सुधार कर रेफर करेंगे तो अच्छा होगा, ऐसा हमारा प्रयास है। फिलहाल पुलिस मामले की पूरी जांच कर रही है.








## खेजरा मंदिर परिसर में पुजारी की पुत्री ने लगाई फांसी

**नवभारत,दमोह।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर नाका चौकी स्थित खेजरा मंदिर में अज्ञात कारणों के चलते कुंअरपुर खेजरा निवासी 27 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने पंखे से युवती के शव को बरामद कर मोबाइल जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारण फिलहाल अज्ञात बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। मृतिका के पिता खेजरा मंदिर में पुजारी का काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी देहात अमित गौतम, चौकी प्रभारी विक्रम दांगी, एएसआई अकरम खान सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की.



## न्यू श्रीराम कान्वेंट स्कूल रनेह की नवीन बिल्डिंग का हुआ उद्घाटन

**नवभारत,हटा/दमोह.** ग्राम रनेह के ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्थान न्यू श्रीराम कान्वेंट स्कूल रनेह की नव निर्मित नवीन भवन का कल शुभारंभ हुआ. जिसमें अजबधाम फ़तेहपुर मंदिर के महंत श्री रामनुग्रहदास छोटे सरकार का शुभ आगमन हुआ. उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित गिरधारी शरण शास्त्री,देवश्री कौशलाधीश मंदिर के महंत विनय शुक्ला, सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी सहित शिक्षा जगत से राष्ट्रपति पुरुस्कृत माधव पटेल,श्याम सुंदर प्यासी,अजीत अवस्थी, अतुल पन्या सम्मिलित हुए इस अवसर हटा,ग्राम रनेह व आस पास के गांव से आये लोगों की भी उपस्थिति रही.नव निर्मित भवन के शुभारंभ में संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन हुआ.

## श्रद्धालुओं की मनसा देवी व श्री सिद्ध क्षेत्र में पक्की सड़क बनाने की मांग



**नवभारत, पथरिया** 20 जून। **ग्राम पंचायत जमुनिया के ग्राम उमराहो में पहाड़ी पर प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य मां मनसा देवी मंदिर में विराजी हुई हैं, वही पहाड़ी के नीचे श्री सिद्ध बाबा महाराज एवं सिद्ध पुरुष पल्टू बाबा की समाधि स्थली है।**

उक्त धार्मिक स्थलों पर वर्ष भर कथा, मुंडन, जन्मदिन, शादी, पिकनिक इत्यादि कार्यक्रम होते रहते है। यहां मौजूद पेड़ पौधों की हरियाली और विचरण करते हिरणों, मयूर, खरगोश, नीलगायों की वजह से अति मनोरम एवं सुंदर व सुकूनदायक हो जाता है।

मुख्य मार्ग से दोनों पवित्र स्थलों तक जाने के लिए पथरीला कच्चा रास्ता हैं। उक्त कच्ची सड़क पर छोटे-छोटे गोल, चौकोर पत्थर पड़े हुए है, जिससे श्रद्धालुओं आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। श्रद्धालुओं द्वारा शासन से पक्की सड़क एवं लोहे की ग्रिल की रैलिंग लगाए जाने की माँग की जा रहीं है।

# सुभाष कॉलोनी में नहीं होगी जलभराव की समस्या

### नाले के निर्माण के लिए शासन को भेजा गया प्रस्ताव : विधायक मलैया



**नवभारत,दमोह.**विधायक जयंत मलैया ने शनिवार सुबह सुभाष कॉलोनी नाले का निरीक्षण कर क्षेत्र में चल रहे जल निकासी कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा प्रशासन द्वारा लगातार नाले की सफाई एवं सुधार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जलभराव समस्या के स्थायी समाधान के लिए विधायक निधि से पुन: 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।विधायक श्री मलैया ने कहा नाले के पक्के निर्माण के लिए विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है, उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यदि इस वर्ष तेज बारिश भी होती है, तब भी सुभाष कॉलोनी में जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी और नागरिकों को राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होने नवजागृति स्कूल के समीप निर्माणाधीन नाले का भी अवलोकन किया तथा अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा नागरिकों की सुविधा और शहर के समुचित विकास के लिए आवश्यक कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। इस अवसर पर मनीष तिवारी, तहसीलदार रॉबिन जैन, परियोजना अधिकारी कपिल खरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी, रमाकांत बाजपेयी, विशाल शिवहरे, रितेश सोनी आदि रहें.

## जबेरा ब्लॉक में मलेरिया रथ के माध्यम से जनजागरूकता अभियान तेज

**नवभारत,दमोह।** मलेरिया निरोधक माह जून के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अठ्या के निर्देशन में जिला मलेरिया विभाग द्वारा मलेरिया एवं डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, इसी क्रम में जबेरा ब्लॉक के जबेरा शहरी क्षेत्र सहित घाना, माला, रोड़, बनवार, कुलुआ, साखा एवं नोहटा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया रथ के माध्यम से भ्रमण कर माईक द्वारा आमजन को मलेरिया से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। अभियान के दौरान लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, पानी का ठहराव रोकने एवं मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# घंटाघर के समीप नगर पालिका ने हटाया अतिक्रमण

▶ छोटे दुकानदारों ने किया विरोध ट्रैफिक सिग्नल भी हटाए




**नवभारत,दमोह.** शहर के घंटाघर के नजदीक सड़क किनारे लगी दुकानों को नगर पालिका के द्वारा शुक्रवार दोपहर हटाया गया.इस दौरान छोटे दुकानदारों के द्वारा कार्रवाई का विरोध किया,लेकिन नगर पालिका ने शख्ती दिखाते हुए सभी दुकानदारों को यहां से हटाया. इसके अलावा घंटाघर पर लगे ट्रैफिक सिग्नल जो बंद पड़े हुए थे, इन्हें भी हटाने की कार्रवाई की गई.आपको बता दें घंटाघर के आसपास दर्जनों की संख्या में मिट्टी के मटके और फल,फूल बेचने वाले छोटे-छोटे दुकानदार दुकान लगाकर बैठते हैं.इसके अलावा कुछ दुकानदारों के द्वारा अपना सामान भी सड़क तक रखा गया है.जिससे आए दिन जाम के हालात बनते हैं. नगर पालिका के द्वारा मुनादी करने के बाद यहां से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुक्रवार दोपहर शुरू की गई.नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह, यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को,ना.तह. रघुनंदन चतुर्वेदी और पुलिस बल के साथ नगर पालिका के कर्मचारियों की मौजूदगी रही. नगर पालिका के कर्मचारियों ने घंटाघर के आसपास मिट्टी के सामान बेचने वाले दुकानदारों को बल पूर्वक हटाया. यह दुकानदार हटाने के लिए तैयार नहीं थे.इस दौरान शख्ती दिखाने कुछ दुकानदारों का नुकसान.

आम,जामुन बेचने वाले दुकानदारों को भी यहां से हटाया गया.जिससे कई दुकानदारों का सामान सड़क पर बिखर गया. इसके अलावा दूध, दही, फुल्की चाट बेचने वाले एक दुकानदार का फ्रीजर भी जप्त किया गया.क्योंकि उसके द्वारा सड़क तक दुकान की सामग्री रखी गई थी.इसके अलावा जेसीबी की मदद से घंटाघर के पास लगे ट्रैफिक सिग्नल भी हटाए गए .करीब 20 लाख रुपए की लागत से यह ट्रैफिक सिग्नल घंटाघर के पास लगाए गए थे,लेकिन इनका उपयोग एक महीने भी नहीं हो सका. 3 साल से यह ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े थे.इसके बाद नगर पालिका के द्वारा खुद ही ट्रैफिक सिग्नल को यहां से हटा दिया गया .कार्रवाई को लेकर नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि घंटाघर के आसपास छोटे-छोटे दुकानदारों के द्वारा दुकान लगाई जाती थी .जिससे आए दिन जम के हालात बनते थे.

## विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों का मेटेनेंस

### दमोह शहर का युद्ध स्तर पर हुआ कार्य

**नवभारत,दमोह।** पिछले सप्ताह दमोह शहर में आये आंधी-तूफान के कारण शहर की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई थी। जिसे अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल दमोह (शहर) के मेनटेनेंस प्रभारी कनिष्ठ अभियंता एम.एस.राय को निर्देश दिए। जिसके परिपालन में विभाग के कर्मचारियों द्वारा 33 के.व्ही. दमोह टाउन फीडर, जिससे कि सिविल वार्ड, तीन गुल्ली, मुकेश कालोनी, घंटाघर, उमा मिस्त्री की तलैया, राय चौराहा आदि संबंधित क्षेत्रों को विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किया जाता है, का मेनटेनेंस कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण कर क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई ।इसके साथ ही 11 के.व्ही. हास्पिटल फीडर, जिससे कि जिला न्यायालय, कलेक्ट्रेट, उत्कृष्ट विद्यालय को विद्युत आपूर्ति की जाती है, का भी मेनटेनेंस किया गया। जिस कारण उक्त क्षेत्रों में ट्रिपिंग में कमी परिलक्षित हुई एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों में भी कमी आई। साथ ही 11 के.व्ही. टी-6 फीडर का भी विगत दिनों मेनटेनेंस कार्य पूर्ण किया गया। जिस कारण इस फीडर से संबंधित किल्लाई नाका, खजरी मोहल्ला, सिंधी कैम्प, तीन गुल्ली, हिरदेपुर गौपुरा क्षेत्रों में सुचारू विद्युत प्रदाय किया जा रहा है एवं इस फीडर से संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायतें भी कम हुई हैं ।शहर के वैशाली नगर क्षेत्र में भी ट्रिपिंग की शिकायतें प्राप्त होने पर इस क्षेत्र से संबंधित टी-1 फीडर का भी मेनटेनेंस कार्य किया गया। जिस कारण उक्त फीडर की ट्रिपिंग एवं विद्युत व्यवधान से संबंधित शिकायतों में कमी परिलक्षित हुई.



## जटाशंकर मंदिर समिति भंग करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह।** महाकाल मित्र मंडली सेवा समिति ने सैकड़ों युवाओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए जटाशंकर मंदिर समिति को भंग कर प्रशासक नियुक्त किए जाने एवं भोले रसोई के सुचारू संचालन हेतु महाकाल मित्र मंडली सेवा समिति को अनुमति प्रदान किए जाने के संबंध में एसडीएम सौरभ गंधर्व को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद साहिल विरमानी, जेपी मिश्रा और टीम ने कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से मुलाकात की। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## राजा पटना में जनजातीय सामाजिक समरसता जन चेतना शिविर आयोजित



**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर के मार्गदर्शन और उपस्थिति में ग्राम राजा पटना चौकी इमलिया,थाना तेजगढ़ में जनजातीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी इमलिया रमाशंकर मिश्रा, प्रधान आरक्षक भगवत, थाना अजाक से प्रधान आरक्षक हरगोविंद, दीपक, आरक्षक शैलेंद्र द्वारा सामाजिक समरसता जन चेतना शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच,सचिव सहित गांव की महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक समरसता व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## मुहर्रम पर्व : पुलिस ने ली जानकारी, अमन-शांति से त्यौहार मनाने की अपील

**नवभारत,हिण्डोरिया/दमोह।** नवागत एसपी आनंद कलादगी के विशेष दिशा-निर्देश पर स्थानीय जामा मस्जिद के सामने वाले परिसर में हिण्डोरिया पुलिस द्वारा मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति में मुहल्ला जन-सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी एवं टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, वीट प्रभारी एएसआई राम कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक में सन्निकट मुस्लिम समुदाय के मुहर्रम पर्व पर होने वाले सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली गई। मुहल्ले के नागरिकों की समस्याओं को लेकर आपसी विमर्श किया गया। बैठक में शराबियों के उत्पात को नियंत्रित करने एवं पुलिस गश्त सतत करने पर भी चर्चा हुई। एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया कि जिले में शासन-प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष आदेश पर सभी थाना क्षेत्रों में मुहल्ला जन-सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं समझा जाकर उनका समाधान कराने का प्रयास पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा है। सभी समुदायों से अपने-अपने पर्व हमेशा की तरह मिलजुल मनायें.



### शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत,हटा/दमोह।** पुलिस अनुविभाग हटा अंतर्गत आने वाले थाना रनेह में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने संबंधित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन में थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.बैठक में मुहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई .थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों, ताजिया समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों से आपसी भाईचारे, सौहार्द व सहयोग की भावना के साथ मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की.बैठक में सहायक उप निरीक्षक मुफीस अहमद, प्रधान आरक्षक केवल नारायण मिश्रा,आरक्षक श्रीराम प्रजापति,हर्ष पटेल सहित जनप्रतिनिधि, ताजिया समिति के पदाधिकारी, सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



### एक नजर में

## भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद का दमोह आगमन आज



नवभारत,दमोह। भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद एक दिवसीय प्रवास पर दिनांक 21/06/2026 की सुबह 11 बजे सड़क मार्ग से दमोह पहुंचेंगे जहां पर वह दोपहर 12 बजे स्थानीय गार्ड लाईन में स्वजातीय बंधुओं के साथ बैठक, दोपहर 01 बजे माझी समाज के वरिष्ठ नंदकुमार रायकवार के निवास पर सौजन्य भेंट, दोपहर 02 :30 बजे भाजपा जिला कार्यालय, दोपहर 03 :30 बजे बांदकपुर में भगवान जागेश्वरनाथ जी के दर्शन, शाम 05-07 बजे तक समय रिजर्व, रात्रि 08 बजे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। समस्त स्वजातीय बंधुओं से गार्ड लाईन में आयोजित बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## भक्तिमय हुआ हटा, मां चंडी मंदिर से निकली कलश यात्रा, घोड़ी नृत्य बना आकर्षण



नवभारत,हटा/दमोह. उपकाशी हटा नगर के खचना नाका पर पूज्य श्री अजब धाम जी छोटे सरकार के सानिध्य में आयोजित होने वाले देवी भागवतम एवं धार्मिक आयोजन के पूर्व शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई.कलश यात्रा का शुभारंभ मां चंडी जी मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया. गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं. यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली। रास्ते भर जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे.कलश यात्रा में आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं. पारंपरिक घोड़ी नृत्य की प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय और धर्ममय कर दिया. जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर कलश का स्वागत किया.सुरक्षा व्यवस्था के लिए हटा थाना पुलिस तैनात रही.

## पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण, शुद्धता, माप और सुविधाओं की जांच कर दिए दिशा-निर्देश



नवभारत,पटेरा/दमोह। तहसीलदार पटेरा उमेश तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा पटेरा में विद्यासागर पेट्रोल पंप इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल और डीजल का सैंपल लिया गया और 5 लीटर के केन से माप की जांच की गई। शौचालय का निरीक्षण किया गया तथा वाहन संचालकों को दी जाने वाली फ्री हवा सुविधा का भी जायजा लिया। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल की शुद्धता के लिए निर्धारित पैरामीटर से जांच की गई। भौतिक रूप से निरीक्षण कर रिकॉर्ड पंजी और ऑनलाइन आवक-जावक का भी निरीक्षण किया गया।

## प्राकृतिक खेती पर बटियागढ़ में कृषि कार्यशाला आयोजित

▶ जनप्रतिनिधियों ने किसानों को दिए उन्नत खेती के मंत्र

**नवभारत,दमोह.** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शासन में कृषि कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा व कृषि विभाग द्वारा बटियागढ़ कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु पथरिया व हटा विधानसभा के किसान भाईयों के लिए कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री मंत्री गोपाल पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष मंगल कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, किसान मोर्चा संभाग प्रभारी श्रीमती नर्मदा सिंह, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह, किसान संघ अध्यक्ष श्रीराम पटेल, जनपद पंचायत सदस्य संगीता श्रीधर, मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल, शिवकुमार गर्ग आदि रहें.






## राज्यमंत्री का नया प्रशासनिक प्रयोग अब हर शनिवार होगी विशेष जनसुनवाई

**नवभारत,नोहटा/दमोह.** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से एक नई प्रशासनिक पहल की शुरुआत की है। राज्यमंत्री ने अपने निज कार्यालय नोहटा में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया, जिसे अब प्रत्येक शनिवार नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि वे पूर्व से ही प्रतिदिन क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते रहे हैं,लेकिन अब शनिवार को विशेष जनसुनवाई दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है।

## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर कार्यक्रम 24 को

▶ तैयारियों का संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने लिया जायजा



**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री तथा जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा विधानसभा अंतर्गत स्थित खेल स्टेडियम सिंग्रामपुर में आगामी 24 जून को महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।बैठक के पश्चात मंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती जी का बलिदान साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है, इसलिए आयोजन उनकी गौरवशाली विरासत के अनुरूप भव्यता व श्रद्धा के साथ किया जायेगा।

निरीक्षण

## तीन परीक्षा केंद्रों में 1147 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# कलेक्टर एसपी पहुंचे परीक्षा केंद्र, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नवभारत,दमोह.** जिले में आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1147 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे.सभी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है.

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने कहा दमोह शहर में बनाए गए तीनों नीट परीक्षा केंद्रों का कलेक्टर श्री यादव के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया.इस दौरान सिटी सुपरिटेंडेंट, सेंटर सुपरिटेंडेंट और सिटी कोऑर्डिनेटर्स भी मौजूद रहे. उन्होंने कहा सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं तथा परीक्षा के दिन पुलिस बल समय पर तैनात रहेगा.जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर परीक्षा को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है. इस दौरान पर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व, सीएसपी एचआर पांडे, तहसीलदार रॉबिन जैन, तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, पारूल चौधरी, कोतवाली मनीष कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, प्राचार्य आरपी पटेल, डीएसबी सोनाली जैन के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीमौजूद रहे.



### जिले में आज आयोजित होगी नीट यूजी परीक्षा

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन आज 21 जून 2026 को दमोह के तीन परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा .परीक्षा के सुचारु व शांतिपूर्ण संचालन हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिले में निर्धारित तीन परीक्षा केंद्रो में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव पीजी कॉलेज दमोह शामिल है .परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है .परीक्षा दोपहर 02 बजे से सायं 5 :15 बजे तक आयोजित होगी .दिव्यांग परीक्षार्थियों को एनटीए के नियमानुसार अतिरिक्त समय की सुविधा प्रदान की जाएगी . सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने साथ प्रवेश पत्र में संलग्न पोस्टकार्ड साइज फोटो तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आएं . परीक्षा केंद्र पर पेन उपलब्ध कराए जाएंगे . परीक्षार्थी पारदर्शी पानी की बोतल साथ ला सकते हैं .प्रशासन एवं एनटीए द्वारा परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि परीक्षा केंद्र पर आने से पूर्व प्रवेश पत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ लें तथा समय का विशेष ध्यान रखें .